45वीं दो दिवसीय एथलेटिक मीट का शुभारम्भ

दिनाँक 3 March, 2016 अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की दो दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महोदय कुलपति प्रो0 दिनेश कुमार (वाई.एम.सी.ए. साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद) ने खेल ध्वज फहरा कर एवम माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया.

इस अवसर पर महाविद्यालय की एन.सी.सी. के कैडिटस़ के साथ महाविद्यालय के एन.एस.एस. और यूथ रैड क्रॉस के छात्र व छात्राओं ने बैंड के साथ भव्य मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी.

कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने की. प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने मुख्य अतिथि व अगन्तुक अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों का परिचय कराया. उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि खेलों का जीवन में विशेष महत्व है. हमारे महाविद्यालयों से निकले हुए प्रतिभावन खिलाडियों ने हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर ही नही बल्कि अन्तराष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलवाया है उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अपने प्रारम्भिक जीवन काल में अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेता है वही सफल पूर्वक अपने ध्येय को प्राप्त करता है.

खेल कूद समिति के समन्वयक डॉ0 के.एल. कौशिक ने महाविद्यालय के वर्तमान सत्र की खेल–कूद विभाग की जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रय स्तर की उपलब्धियों की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि महाविद्यालय के छात्र वैभव बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने सॉफ्ट बाल प्रतियोगिता और गौरव बी.कॉम. द्वितीय ने थ्रो बॉल प्रतियोगिता मे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया. इसके पश्चात महाविद्यालय

के छात्र–छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम सामुहिक नृत्य और गज़ल, भजन की प्रस्तुत किये गये.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और क्रीड़ा क्षेत्र में प्राप्त होने वाली उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता, अध्यापकगण और प्रबन्ध समिति को बधाई दी.

उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है. प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर विद्यार्थी को आरम्भ से ही सर्वांग विकास की ओर ध्यान देना चाहिए तभी वह अपने लक्ष्य को सही प्रकार से हासिल कर पाऐंगे.

खिलाडी गौरव ने समस्त प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई. मुख्य अतिथि के सामने सर्वप्रथम 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रथम स्थान पर राधा बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर रितु बी.बी.ए कैम तथा तृतीय स्थान निशा बी.एस.सी ने प्राप्त किया. इसके उपरान्त विभिन्न खेल प्रतियोगिता गोला फेक, ऊॅची कूद, लम्बी कूद व 100मी; 200 मी0, 800मी0 दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती किरण आनन्द ने किया.

कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने महाविद्यालय के 45वीं खेल कूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य और प्राध्यापक को बधाई दी.

इस अवसर पर सलाहाकार समिति के चैयरमैन लाला श्री रतन सिंह गुप्ता, प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष डॉ0 वासू देव गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री महर चन्द मित्तल, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के सचिव श्री जयप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री मुकुट लाल, डॉ0 एस.के. चक्रवर्ती, श्री लोकेश अग्रवाल, संभाग द्वितीय की प्रभारी डॉ0 उषा अग्रवाल, अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के

प्राचार्य श्री सुवेश पाण्डे और प्रबन्ध समिति के अनेक गणमान्य सदस्य और प्राध्यापकगण उपस्थित थे. समस्त प्रतियोगिताएँ खेल प्रशिक्षक डॉ0 नन्दकिशोर, डॉ0 जगवीर सिंह और श्री नरेश कुमार के दिशा–निर्देशन में संचालित हुई. श्रीमती कमल टंडन समस्त आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापन किया.